तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026



4

**सड़क पर कब्जा करने वालों पर निगम की सख्ती, 14 पर कार्रवाई**






**खबर संक्षेप**

### 95 हजार के सोने-चांदी के जेवरात ले उड़े चोर

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र के मौहापाली में अज्ञात चोरों ने एक रेलवे कर्मचारी के किराए के मकान को निशाना बनाकर करीब 95 हजार के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिया। घटना का पता तब चला जब कर्मचारी ड्यूटी से लौटकर परिवार के साथ घर पहुंचा। शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रेलवे विभाग में गुड्स ट्रेन मैनेजर के पद पर कार्यरत अश्वनी कौशिक पिछले करीब एक वर्ष से मौहापाली में किराए के मकान में परिवार के साथ रह रहे हैं। 13 जुलाई की शाम वह घर में ताला लगाकर ड्यूटी के लिए अकलतरा रवाना हुए थे। अगले दिन शाम को जब वह पत्नी और बच्चों के साथ वापस लौटे तो मकान का ताला गायब मिला और दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी। घर के भीतर जाकर देखा तो अलमारी का लॉकर खुला पड़ा था और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। चोरी हुए सामान में सोने की अंगूठियां, हार, चेन, बाली, झुमके समेत अन्य आभूषण तथा चांदी की पायल, करधन, ब्रेसलेट, चूड़ी और बिछिया शामिल हैं। चोरी गए जेवरातों की कुल कीमत करीब 95 हजार रुपये आंकी गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद खरसिया पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और पीड़ित की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) एवं 305(ए) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और अज्ञात चोरों का सुराग जुटाने में लगी हुई है।

### स्टार्टअप जागरूकता के लिए हुआ कार्यशाला

**सारंगढ़।** स्टार्टअप योजना को बढ़ावा एवं जागरूकता देने हेतु भारत सरकार, डीपीआईआईटी, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सारंगढ़-बिलाईगढ़ के द्वारा तेजस कार्यशाला का आयोजन ग्राम टिमरलगा के निजी होटल में किया गया। कार्यशाला में स्टार्टअप छत्तीसगढ़ की तरफ से प्रीति खण्डेलवाल, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से अरविंद द्विवेदी एवं अग्रणी बैंक अधिकारी सीएस ठाकुर उपस्थित हुए। कार्यशाला मे राईस मिल एसोसिएशन, डिक्की एसोसिएशन, क्रेशर एसोसिएशन, स्व.सहायता समूह एवं एफपीओ के सदस्यों ने बढ़.चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत संजय भूषण पाण्डेय और आमंत्रित सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्टार्टअप से जुड़े विशेषज्ञो ने उद्यमिता विकास, स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन, फंडिंग, सरकारी सहायता योजना एवं नवाचार आधारित व्यवसायों पर जानकारी साझा किया। उन्होंनें प्रतिभागीयों को अपने नवाचार आधारित विचारों को व्यवसाय के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

## रिकवरी के दायरे में हजारों हितग्राही, बैंक खाते में करना होगा जमा

# सावधानः अपात्र हैं तो लौटानी होगी महतारी वंदन की राशि, 32 हितग्राहियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस खबर से महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को झटका लग सकता है, क्योंकि यदि आप अपात्र हैं और अब तक इसका लाभ ले रहे हैं तो जितनी राशि ली है उतनी लौटानी पड़ेगी। शासन ने रिकवरी चालू कर दिया है। पहले चरण में जिले के ऐसे 32 हितग्राहियों को टारगेट में रखा गया है जो अपात्र थे और इसका फायदा ले रहे थे। उनको वसूली की नोटिस जारी कर दी गई है। दूसरे चरण में इसका दायरा बढ़ सकता है। याने रिकवरी की नोटिस ज्यादा लोगों को मिल सकता है। जानकारी तो यह मिली है की रिकवरी के दायरे में सैकड़ों हिताग्राही हैं, उनको नोटिस मिलने के बाद शासन के बैंक एकाउंट में राशि जमा करनी होगी। यदि ऐसा नहीं किया तो शासन आपके खिलाफ कड़ा एक्शन भी ले सकती है। याने धारा 318 के तहत कार्रवाई भी हो सकती है। जिले में 2 लाख 92 हजार महिलाएं महतारी वंदन योजना का लाभ ले रही है। शासन ने हाल ही में ऐसी महिलाओं को इस योजना के लाभ से बाहर करने का निर्णय लिया है, जिनके पति शासकीय सेवा में कार्यरत हैं। इन महिलाओं को अपात्र मानते हुए शासन की ओर से सीधे इनके पास सहायता राशि जमा करने नोटिस भेजा जा रहा है। शुरूआती चरण में शासन ने रायगढ़ जिले में 32 हितग्राहियों के पास नोटिस भेज कर राशि जमा करने कहा है। शासन की इस कार्रवाई के बाद महिलाओं की चिंता बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर प्रभावित महिलाओं का आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा समर्थित पार्षद सहित कार्यकर्ताओं ने उनके घर आकर योजना से संबंधित फार्म भरवाया था। इस दौरान उन्हें इस योजना की पात्रता और अपात्र के मानदंडों के बारे में स्पष्ट रूप से जानकारी नहीं दी गई थी और इस योजना का लाभ दिलाने का भरोसा दिया था। उनसे केवल दस्तावेज लेकर फार्म भरवा दिए गए। उनका कहना है कि यदि उन्हें नियमों की सही जानकारी होती तो वे कभी आवेदन नहीं करतीं। फिलहाल महिला एवं बाल विकास विभाग अपात्र हितग्राहियों की पहचान कर चरणबद्ध तरीके से नोटिस जारी कर रहा है। आने वाले दिनों में ऐसे मामलों की संख्या और बढ़ सकती है। वहीं, इस पूरे मामले ने राजनीतिक रंग भी लेना शुरू कर दिया है, क्योंकि प्रभावित महिलाएं आवेदन प्रक्रिया में गुमराह करने का आरोप लगा रही हैं।




हरिभूमि एक्सक्लूसिव

**पहले चरण में 32 का टारगेट, दूसरे चरण में बढ़ेगा दायरा**

### ठगा महसूस कर रही हैं महिलाएं

मुख्य बात यह है कि अब नोटिस मिलने के बाद कई महिला हितग्राही खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। उनका कहना है कि अब डेढ़-दो साल बाद उनसे हजारों रुपए की रिकवरी की जा रही है, जबकि उन्होंने किसी प्रकार की जानकारी छिपाने की मंशा से आवेदन नहीं किया था। उनका आरोप है कि उन्हें गुमराह कर आवेदन कराया गया और अब पूरी जिम्मेदारी हितग्राहियों पर डाल दी गई है। सूत्र बात रहें कि है कि जिले में करीब 2 हजार से अधिक हितग्राही ऐसे हैं, जिनसे सहायता राशि की रिकवरी हो सकती है।

> शासन ने अपात्र हितग्राहियों से रकम वापसी को लेकर नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। पहले चरण में 32 हितग्राहियों को नामजद नोटिस भेजा गया है। आने वाले समय में और भी अपात्र हितग्राहियों को सहायता राशि जमा करने को लेकर नोटिस भेजा जाएगा।
>
> **एलआर कच्छप, डीपीओ**
> महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़

### महिला पर गिरी आकाशीय बिजली, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। महिला अपने परिवार के सदस्यों के साथ जंगल में मशरूम एकत्र करने गई थी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी 55 वर्षीय प्रभा एक्का सुबह परिवार के अन्य लोगों के साथ संगरा जंगल में पुटू लेने पहुंची थीं। इसी दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश के साथ गरज-चमक शुरू हो गई। बारिश से बचने का प्रयास कर रहे लोगों के बीच अचानक आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में प्रभा एक्का आ गईं। बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के तुरंत बाद परिजन उन्हें उपचार के लिए धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, महिला की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## अवैध कबाड़ पर तीन कार्रवाई, दो ट्रक और एक माजदा समेत 79 टन स्क्रैप जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा पुलिस एवं जूटमिल पुलिस ने अवैध कबाड़ से संबंधित दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो ट्रक और एक माजदा वाहन में परिवहन किए जा रहे भारी मात्रा में स्क्रैप कबाड़ को जब्त किया है। सभी मामलों में चालक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके चलते चोरी की संपत्ति होने के संदेह में वैधानिक कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार पूंजीपथरा पुलिस ने तमनार चौक पूंजीपथरा में घेराबंदी कर माजदा वाहन क्रमांक सीजी 12 एवाई 0313 को रोका । वाहन चालक देवेन्द्र तिवारी 58 वर्ष निवासी बुधवारी बाजार, कोरबा से पूछताछ करने पर वाहन में लगभग 3 टन 390 किलोग्राम स्क्रैप, टिन का कबाड़ मिला। जिसकी कीमत 91 हजार 530 आंकी गई। पूछताछ के दौरान चालक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, ऐसी स्थिति में वाहन एवं कबाड़ को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 35(क)(ड) बीएनएसएस/303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। इसी प्रकार जूटमिल पुलिस ने छातामुड़ा-काशीराम चौक के बीच सड़क किनारे खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 13 एबी 9599 की जांच में उसमें भारी मात्रा में लोहे एवं टीन का कबाड़ लोड मिला। चालक महेंद्र यादव 34 वर्ष निवासी पलामू वाहन में लोड माल के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जब्त किए गए अवैध कबाड़ को तौल कराने पर ट्रक सहित कुल वजन 40 हजार 630 किलोग्राम पाया गया। वाहन में लोड स्क्रैप की कीमत करीब 9 लाख आंकी गई । संदेहास्पद संपत्ति होने के कारण वाहन एवं माल जब्त कर चालक के विरुद्ध धारा 106 बीएनएसएस के तहत न्यायालय प्रस्तुत किया गया। इसी तरह तीसरी कार्रवाई करते हुए जूटमिल पुलिस ने छातामुड़ा गांव के बाहर रायगढ़-सारंगढ़ मुख्य मार्ग पर ट्रक क्रमांक ओआर 15 एस 0187 की जांच की गई। वाहन में भारी मात्रा में लोहे एवं टीन का स्क्रैप लोड मिला। चालक दुर्योधन पाणिग्रही 52 वर्ष निवासी बरगढ़ से दस्तावेज मांगे जाने पर वह कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। मौके पर तौल कराने पर ट्रक सहित कुल वजन 35 हजार 410 किलोग्राम पाया गया तथा लोड स्क्रैप की कीमत करीब 8 लाख आंकी गई है।



पूंजीपथरा व जूटमिल थाना क्षेत्र में की गई कार्रवाईयां

## दो बार के जिलाबदर बदमाश ने एसपी कार्यालय में शराब के नशे में किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के कुख्यात और दो बार के जिला बदर बदमाश चाहत शुक्ला उर्फ आदित्य ने जिला दंडाधिकारी के निष्कासन आदेश का उल्लंघन करते हुए गुरूवार को एकाएक पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और वहां शराब के नशे में हंगामा करने लगा। आरोपी पुलिस महकमे पर अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए पेट्रोल से आत्मदाह करने की भी धमकी दे रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और अंततः उसे जेल भेज दिया गया।

बता दें कि गुरूवार की शाम जिला बदर का आरोपी चाहत शुक्ला उर्फ आदित्य पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और कोतवाली पुलिस द्वारा उसके विरुद्ध बार-बार जिला बदर की कार्रवाई किए जाने की बात कहते हुए जोर-जोर से शराब के नशे में शोर-शराबा और हंगामा करने लगा। उसके हाथ में एक प्लास्टिक की बोतल थी, जिसमें पेट्रोल भरा हुआ था। आरोपी लगातार हंगामा करते हुए आत्मदाह करने की धमकी भी दे रहा था। ऐसे में वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल बोतल को उसके कब्जे से सुरक्षित रूप से छीन लिया। इसी दौरान कोतवाली थाना की पेट्रोलिंग टीम भी पुलिस कार्यालय पहुंच गई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने आरोपी को शांत रहने एवं समझाइश देने का प्रयास किया गया, किंतु वह लगातार अभद्र व्यवहार करते हुए और अधिक उग्र होकर हंगामा करता रहा। तत्काल संज्ञेय अपराध घटित होने की आशंका को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 170/126/135 (3) बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। जिसके बाद शुक्रवार को जिला अस्पताल से शहीद चौक तक आरोपी को झुलूस भी निकाला गया। इसके पश्चात आरोपी को एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से जारी जेल वारंट के आधार पर उसे जिला जेल रायगढ़ दाखिल कराया गया। गौरतलब है कि आरोपी चाहत शुक्ला उर्फ आदित्य पिता अरुण शुक्ला 29 निवासी रेलवे स्टेशन मोटरसाइकिल स्टैंड के पीछे वर्ष 2023 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध थाना कोतवाली में मारपीट सहित कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उसके आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए वर्ष 2024 में उसे एक वर्ष के लिए जिला बदर किया गया था। जिला बदर अवधि समाप्त होने के बाद भी उसकी आपराधिक गतिविधियां नहीं रुकीं। वर्ष 2025 में पुनः मारपीट के मामले में कार्रवाई के बाद उसके विरुद्ध दोबारा जिला बदर की कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन जिला दंडाधिकारी को भेजा गया था। जिला दंडाधिकारी ने बीते 23 मार्च को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5 (क) एवं (ख) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए चाहत शुक्ला उर्फ आदित्य को रायगढ़ जिले सहित समीपवर्ती जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार-भाटापारा, महासमुंद, जांजगीर-चांपा, कोरबा एवं जशपुर की सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया था। इसके बावजूद आरोपी ने जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करते हुए रायगढ़ जिले में प्रवेश किया, जिस पर उसके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।



## मूसलाधार बारिश से थम गईं आधा दर्जन ट्रेनें, बीआर चांपा से ही लौटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिलासपुर में लगातार हो रही बारिश की वजह में रेलवे ट्रैक में पानी भर गया, जिसकी वजह से पटरियां जल मग्न हो गई। ऐसी स्थिति में रायगढ़ से बिलासपुर जाने वाली मेमो लोकल को चांपा से ही वापस लौटना पड़ा, वहीं टिटलागढ़ पैसेंजर और बिलासपुर से रायगढ़ आने वाली मेमो लोकल को रद्द कर दिया गया। इसके अलावा संतरागाछी एक्सप्रेस को करीब 2 घंटे तक रायगढ़ स्टेशन पर ही रोका गया था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर संतरागाछी जो सुबह साढ़े पांच बजे आती है वह दोपहर करीब साढ़े 3 बजे आई। वहीं ऋषिकेश से पुरी जाने वाले उत्कल एक्सप्रेस शाम करीब साढ़े 9 बजे आई। इसी तरह हीराकुंड एक्सप्रेस सुबह साढ़े 11 बजे आईए जिसका निर्धारित समय सुबह साढ़े 6 बजे है। इसके अलावा हरिद्वार जाने वाले उत्कल एक्सप्रेस शाम साढ़े 5 बजे, अमृतसर जाने वाली हीराकुंड एक्सप्रेस शाम साढ़े 6 बजे, मुंबई मेल सुबह 7.15 बजे, आजाद हिंद एक्सप्रेस सुबह 9 बजे तथा रानी कमलापति एक्सप्रेस रात 10.30 बजे पहुंचेगी। साथ ही शुक्रवार को दक्षिण बिहार एक्सप्रेस व इतवारी एक्सप्रेस को भी रद्द कर दिया गया था।

**2 घंटे तक संतरागाछी को रायगढ़ में रोका, कई गाड़ियां लेट**



## एक बार फिर समितियों के ऋण असंतुलन की जांच के लिए बनी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




सहकारी समितियों में ऋण असंतुलन की एक बार फिर जांच होनी वाली है। इसके लिए सात टीम गठित की गई है। इसके पहले भी दो बार टीम गठित की जा चुकी है, लेकिन अब तक जांच पूरी नहीं हो पाई है। जिले के सहकारी समितियों में ऋण असंतुलन के आंकड़े लाखों में है। इसकी जांच और वसूली के लिए फिर टीम बनी है। हर ब्लॉक में आठ से दस समितियां हैं। उनमें से सबसे ज्यादा असंतुलन वाले समितियों की जांच होगी।हर समिति में एक प्रभारी अधिकारी के साथ एक सहायक को शामिल किया गया है।

समितियों में बीते 31 मार्च 2025 और 31 मार्च 2026 की स्थिति में जो असंतुलन है उसकी जांच होगी। खास बात यह है कि बैंक का समितियों पर लाखों बकाया है, लेकिन सदस्यों का बकाया उससे आधे से भी कम है। याने फर्जी तरीके से समिति प्रबंधकों ने किसानों के नाम पर लोन चढ़ा दिया है। यह बीते दो तीन सालों के आंकड़े से पता चल रहा है। जानकारी के अनुसार बीते 2022-23 में 49 समितियों में बैंक का बकाया ऋण 72.66 करोड़ था, लेकिन समितियों का किसानों पर बकाया केवल 15.52 करोड़ ही था। याने 57.13 करोड़ का ऋण असंतुलन आ गया। इसी तरह 2023-24 में 52 समितियों में बैंक का ऋण 134.10 करोड हो गया। जबकि किसानों पर बकाया मात्र 72.68 करोड़ ही था। यहां ऋण असंतुलन बढ़कर 61.41 करोड़ पहुंच गया। ऐसे ही 2024-25 2026-27 में भी काफी अधिक लोन असंतुलन होने की जानकारी मिल रही है। जिले में 69 समितियां है जहां की जांच होगी।

**खास बात**

- इसके पहले दो बार जांच के लिए बनाई जा चुकी है टीम, लेकिन अब तक जांच नहीं हो पाई है पूरी

### इन अधिकारियों को किया गया शामिल

सात टीम गठित की गई है। इसमें रायगढ़ ब्लॉक के लिए प्रभारी बनाया गया है आरके आयाम को। उनके सहयोगी के रुप में एचआर नागवंशी को शामिल किया गया है। इसी तरह घरघोड़ा का प्रभारी भी आरके आयाम को ही बनाया गया है। पुसौर के लिए केआर देवांगन, खरसिया के समितियों की जांच केआर देवांगन करेंगे। धरमजयगढ़ और तमनार की जांच श्रीमती रश्मि लाल के साथ उनके सहयोग निताशा और निशा बेरीवाल करेंगी।

**मोतीमहल प्रांगण से निकली ऐतिहासिक रथयात्रा, श्रद्धालुओं ने खींचा रथ और लिया महाप्रभु का आशीर्वाद**

## जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा शहर, भव्य रथ पर सवार होकर मौसी घर पहुंचे महाप्रभु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





आस्था, श्रद्धा और भक्ति के पावन संगम के बीच शुक्रवार को शहर में भगवान श्री जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रियासतकालीन ऐतिहासिक मोतीमहल प्रांगण स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से महाप्रभु सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर अपनी मौसी के घर सिटी कोतवाली स्थित गुंडिचा मंदिर के लिए रवाना हुए। पूरे मार्ग में जय जगन्नाथ के जयघोष, शंखनाद और भजन.कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान गुंडिचा मंदिर मौसी घर तक जाने की परंपरा प्राचीन मान्यता से जुड़ी है। रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ रथ की रस्सियां थामकर महाप्रभु का रथ खींचा। ऐसी मान्यता है कि भगवान के रथ को खींचने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यात्रा मोतीमहल प्रांगण से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सिटी कोतवाली स्थित गुंडिचा मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह.जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी, पुष्प वर्षा की और प्रसाद का वितरण किया। कई स्थानों पर भजन मंडलियों ने संकीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गुंडिचा मंदिर पहुंचने के बाद भगवान श्री जगन्नाथए बलभद्र और देवी सुभद्रा का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि.विधान से स्वागत किया गया। इसके बाद महाप्रभु के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने परिवार की सुख.समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। रथयात्रा के दौरान पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा, जबकि स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शहर की यह ऐतिहासिक रथयात्रा शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।






# हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम

**प्रथम पुरस्कार**
**वासिंग मशीन**





रजनी कौशिक

**द्वितीय पुरस्कार**
**इंडक्शन**





कामिनी पटेल

**तृतीय पुरस्कार**
**मिक्सर ग्राइंडर**





काव्या कौशिक

**चतुर्थ पुरस्कार**
**इलेक्ट्रिक आयरन**





पूजा सिन्हा

## विशेष पुरस्कार



रेखा वर्मा



दिव्यांशी थवाईत



अदिती खरे



यूविका कश्यप



अपूर्वा कौशिक

## सांत्वना पुरस्कार जिला-कोरबा



दिशीता सपहा · अमृता देवांगन · सरला पांडेय · मालती सराफ · शिल्पी उपाध्याय · सपना श्रीवास · श्रुति सोनी · आशमा खातून · रेनू कैवर्त · शांति बाई

## सांत्वना पुरस्कार जिला-सरगुजा



अभिलाषा सिन्हा · पूनम विश्वकर्मा · सोनल श्रीवास्तव · आशा सिन्हा · शैली सिन्हा · संस्कृति श्रीवास्तव · कविता सराठे · दीपा गुप्ता · मौसम · पूजा गोयल

## सांत्वना पुरस्कार जिला-जांजगीर



दीपिका श्रीवास · चमेली साहू · कामिनी जायसवाल · सीता बाई साहू · आभा शुक्ला · फिंगेश्वरी आदित्य · आकांक्षा साहू · सोनाली जायसवाल · बबली साहू · भारती साहू

## सांत्वना पुरस्कार जिला-कोरिया



दीपिका चाँद · परिभाषिका · दीपा यादव · धनेश्वरी · खुशबू देवी · रेखा उपाध्याय · संजू ठाकुर · जसीना खातुन · प्रियंका सिंह · राजकुमारी यादव

## सांत्वना पुरस्कार जिला-रायगढ़



नीलम सिंह ठाकुर · नीता सारथी · सरस्वती चौहान · शोभा ठाकुर · अर्पणा राय

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी... पढ़ते रहिए हरिभूमि...**

**खबर संक्षेप**

## विशेष लोक अदालत का आयोजन आज

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार शनिवार, 18 जुलाई 2026 को परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881की धारा 138 के अंतर्गत लंबित चेक अनादरण (चेक बाउंस) प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला एवं तालुका स्तर पर स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। स्पेशल लोक अदालत का उद्देश्य आपसी समझौते के माध्यम से चेक बाउंस से संबंधित विवादों का त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक पक्षकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जशपुर, तालुका विधिक सेवा समिति, कुनकुरी, तालुका विधिक सेवा समिति, बगीचा तथा तालुका विधिक सेवा समिति, पत्थलगांव से संपर्क कर सकते हैं।

## दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए रायपुर में प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय माना कैम्प रायपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। यह प्रवेश श्रवण बाधित न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले विद्यार्थियों के लिए है। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर 2 पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। बीपीए बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स में गायन और तबला वादन संगीत की पढ़ाई होगी जिसके लिए दृष्टि बाधित और अस्थि बाधित विद्यार्थी पात्र हैं। वहीं बीएफए बैचलर ऑफ फाईन आर्ट्स में चित्रकला विषय है जिसके लिए श्रवण बाधित और अस्थि बाधित विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

## जिले में को 84.4 मिमी औसत वर्षा



**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से 17 जुलाई 2026 तक 2569.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 17 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 3537.5 मिमी होती है। बीते दिवस जिले में 84.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैः तहसील जशपुर में 276.0 मिमी, मनोरा में 407.5 मिमी, कुनकुरी में 326.2 मिमी, दुलदुला में 224.6 मिमी, फरसाबहार में 149.7 मिमी, बगीचा में 173.9 मिमी, कांसाबेल में 232.3 मिमी, पत्थलगाँव में 251.7 मिमी, सन्ना में 357.0 मिमी एवं बागबहार में 170.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 407.5 मिमी दर्ज की गई है। 17 जुलाई को सर्वाधिक जशपुर तहसील में 15.8 मिमी वर्षा हुई।

## उद्यानिकी योजनाओं का लाभ लेने पंजीयन अनिवार्य

**जशपुरनगर।** उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित राज्य पोषित योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब किसानों का एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। इसी तरह राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को एमआईडीएच सुरक्षा पोर्टल पर भी ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार फल, सब्जी, मसाला, पुष्प, संरक्षित खेती एवं जैविक खेती से जुड़े व्यक्ति, कृषक समूह एवं अन्य पात्र हितग्राही अपने मोबाइल के माध्यम से स्वयं ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा वे अपने नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र जाकर भी पंजीयन करा सकते हैं।

### इसी सत्र से शुरू होगी शासकीय मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई

# एनएमसी के सभी मानकों के अनुरूप समय पर पूरी हों व्यवस्थाएं: दुग्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले के लिए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में जशपुर में मेडिकल शिक्षा की पढ़ाई इसी सत्र से होगी। इसी तारतम्य में सरगुजा संभाग के आयुक्त नरेंद्र दुग्गा की अध्यक्षता में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कुनकुरी के संचालन के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रथम स्वशासी समिति (प्रबंधकारी सभा) की बैठक आयोजित हुई।

■ 50 एमबीबीएस सीटों के संचालन की तैयारियां तेज

बैठक में मेडिकल कॉलेज के संचालन, अधोसंरचना विकास, मानव संसाधन, वित्तीय प्रबंधन तथा इसी शैक्षणिक सत्र से एमबीबीएस की पढ़ाई प्रारंभ कराने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री रोहित व्यास, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.एसपी कुजूर, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. बीआर सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी, मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आयुक्त नरेंद्र दुग्गा ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कुनकुरी को इसी शैक्षणिक सत्र से 50 एमबीबीएस सीटों के संचालन की अनुमति प्रदान कर दी गई है। आगामी कुछ सप्ताह में काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ होते ही 50 विद्यार्थियों का प्रवेश होगा और नियमित शैक्षणिक गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह मेडिकल कॉलेज जशपुर जिले के साथ-साथ पूरे सरगुजा संभाग के लिए चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे स्थानीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा का अवसर मिलेगा तथा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई मजबूती प्राप्त होगी।

### सामग्री की शीघ्र होगी खरीदी

बैठक में मेडिकल कॉलेज के लिए आवश्यक रेजिडेंट डॉक्टरों के आवास, वाहन व्यवस्था, हॉस्टल में बेड, फर्नीचर, प्रयोगशाला सामग्री, शैक्षणिक उपकरण तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। आयुक्त श्री दुग्गा ने निर्देश दिए कि सभी आवश्यक सामग्रियों की सूची तैयार कर खरीदी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए, ताकि मेडिकल कॉलेज के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध रूप से तैयारियां पूर्ण करेंगे, जिससे शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कुनकुरी में इसी शैक्षणिक सत्र से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा का सफल शुभारंभ सुनिश्चित किया जा सके।

### वित्तीय पारदर्शिता पर चर्चा

बैठक में मेडिकल कॉलेज की स्वशासी समिति की नियमावली को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा स्वशासी निधि के बेहतर प्रबंधन पर भी चर्चा हुई। साथ ही आदर्श सेवा भर्ती नियम 2019 संशोधित 2020 को अंगीकार किए जाने पर चर्चा हुई।आयुक्त ने कहा कि संस्थान के सुचारु, पारदर्शी एवं उत्तरदायी संचालन के लिए वित्तीय अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बुक कीपिंग, लेखा-जोखा एवं वित्तीय अभिलेखों का नियमित संधारण सुनिश्चित करने तथा समिति के माध्यम से सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

### मानव संसाधन की उपलब्धता

बैठक में मेडिकल कॉलेज के सफल संचालन के लिए आवश्यक प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, रेजिडेंट डॉक्टर, लिपिकीय स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मचारी, सुरक्षा कर्मी तथा सफाई कर्मचारियों की उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की गई। आयुक्त श्री दुग्गा ने निर्देश दिए कि चिकित्सा शिक्षकीय पदों की पूर्ति की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जाए। वहीं प्रारंभिक चरण में आवश्यक लिपिकीय, पैरामेडिकल, सुरक्षा एवं सफाई कर्मियों की व्यवस्था प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए अनुभवी कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाए।

### प्रारंभिक व्यवस्था

बैठक में बताया गया कि मेडिकल कॉलेज के स्थायी भवन के निर्माण तक झरगांव स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज, छात्रावास परिसर, जिला अस्पताल, मातृ एवं शिशु अस्पताल तथा क्रिटिकल केयर यूनिट में मेडिकल कॉलेज का संचालन किया जाएगा। वहीं स्थायी परिसर के लिए चराईडांड, मयाली एवं खंडसा ग्राम पंचायतों में भूमि का चिन्हांकन एवं आबंटन किया जा चुका है। आयुक्त ने पॉलीटेक्निक कॉलेज की उपलब्ध अधोसंरचना, भवन, छात्रावास तथा अन्य परिसंपत्तियों की जानकारी लेते हुए मेडिकल कॉलेज संचालन के अनुरूप आवश्यक सुधार एवं निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेडिकल कॉलेज से जुड़े सभी निर्माण एवं अधोसंरचना संबंधी कार्य राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई निर्धारित समय पर शुरू हो सके। बैठक में डीन डॉ. एसपी कुजूर ने लेक्चर हॉल, डाईसेक्शन हॉल, प्रयोगशालाएं, लाइब्रेरी, प्रैक्टिकल कक्ष तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आवश्यक सुधार एवं निर्माण कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं और जल्द ही सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएंगी।

## फर्जी बहरे और फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे बने शिक्षाकर्मियों की अब खैर नहीं




पुसौर। त्रिस्तरीय पंचायतराज व्यवस्था के दौर में जब जनपद और जिला पंचायतों को शिक्षाकर्मी नियुक्त करने का अधिकार शासन द्वारा प्राप्त था, उस समय पुसौर क्षेत्र में नियुक्तियों को लेकर बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई थीं। आरटीआई कार्यकर्ताओं के माध्यम से अब यह तथ्य सामने आया है कि शैक्षणिक अंकों में प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाने के बाद कुछ अभ्यर्थियों ने कर्णबाधित होने का विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाकर नियुक्ति प्रक्रिया में बढ़त हासिल कर ली। वहीं कुछ लोगों ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर भी शिक्षाकर्मी पद प्राप्त कर लिया।

जानकारों का कहना है कि यह खेल वर्ष 1995 से 2010 के बीच अपने चरम पर था। इस दौरान रसूखदार और समाज में अच्छी पकड़ रखने वाले परिवारों के लोगों ने इसका भरपूर लाभ उठाया। आज वही लोग बड़े शिक्षक बनकर बैठे हैं और नए पुराने सभी शिक्षकों को छोटा साबित कर रहे हैं। कुछ तो नौकरी पाकर बाहर ऐश की जिंदगी व्यतीत कर रहे हैं। इस पूरे प्रकरण में अनुकंपा नियुक्ति में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। शासन द्वारा अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान मृत कर्मचारी के परिजनों को आर्थिक राहत देने के उद्देश्य से किया गया था। लेकिन यहां नियमों को ताक पर रखकर ऐसे लोगों को भी नियुक्ति दे दी गई जिनका मृत कर्मचारी के परिवार से कोई संबंध ही नहीं था। उस समय यदि कोई शिक्षक सेवाकाल में मृत्यु को प्राप्त होता था तो उसका 11वीं पास बेटा या बेटी सीधे शिक्षक पद पर नियुक्त हो जाता था। ऐसे कई लोग आज भी पदस्थ हैं, जिनके पास न तो बीएड डीएड की डिग्री है और न ही उन्होंने टेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। आरटीआई से मिले तथ्यों में यह भी उजागर हुआ है कि फर्जी प्रमाण पत्र बनाने के लिए अभ्यर्थियों ने कई हथकंडे अपनाए। किसी स्कूल से अनुभव प्रमाण पत्र लेना, फर्जी खेल प्रमाण पत्र बनवाना, आरक्षण वर्ग में न आने के बावजूद किसी आरक्षित वर्ग के परिवार में शामिल होकर उनका सरनेम अपनाकर मूल जाति के आधार पर प्रमाण पत्र प्राप्त कर आरक्षण का लाभ लेना जैसे तरीके अपनाए गए।

## जिला पंचायत सीईओ की चौपाल लगाकर 7 दिन के में शुरु होंगे अप्रारंभ पीएम



**रायगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य समय पर पूर्ण कराने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत कोड़ातराई का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत अप्रारंभ आवासों तथा दूसरी किस्त प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के आवासों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों ने अभी तक आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया हैए वे आगामी सात दिनों के भीतर निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से शुरू करें तथा दूसरी किस्त प्राप्त कर चुके हितग्राही निर्धारित समय सीमा में अपने आवास पूर्ण करें।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री पठारे ने ग्राम में चौपाल आयोजित कर हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने जमीन पर बैठकर प्रत्येक हितग्राही की स्थिति की व्यक्तिगत जानकारी ली तथा एक एक स्वीकृत आवास की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल एक निर्माण योजना नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण अभियान है। इसलिए सभी हितग्राही निर्धारित समय.सीमा में निर्माण कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण करें। सीईओ श्री पठारे ने अधिकारियों एवं पंचायत अमले को निर्देशित किया कि प्रत्येक अप्रारंभ आवास की नियमित निगरानी की जाए तथा हितग्राहियों को निर्माण कार्य में आने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन हितग्राहियों को योजना के अंतर्गत दूसरी किस्त जारी हो चुकी है, वे निर्माण कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें और शीघ्रता से अपने आवास पूर्ण करें।

## कलेक्टर ने लिया जल आवर्धन, आवास, आंगनबाड़ी और सूर्य घर योजना की प्रगति का जायजा

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले के सारंगढ़ एवं बिलाईगढ़ ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों एवं नगर पंचायत क्षेत्रों का दौरा कर जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, आंगनबाड़ी भवन, महतारी सदन, जल शोधन संयंत्र डब्ल्यूटीपी, सहित अनेक विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरे में जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी साथ थे।





कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं हितग्राहियों को मिल रहे लाभ की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दौरे में कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि विकास कार्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचे। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ गौठला छोटे हरदी समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत निर्मित इंटेकवेल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के पूर्ण होने पर 69 गांवों के लोगों को नियमित एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात भेड़वन में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र डब्ल्यूटीपी का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए समय पर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र के नागरिकों को शीघ्र स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## टीबी, कुष्ठ, एचपीवी टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सहित योजनाओं की प्रगति पर बनी कार्ययोजना

रायगढ़। जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों, लंबित कार्यों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डीएचओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डीपीएम, मुख्य कार्यक्रम प्रबंधक सीपीएम, विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के जिला नोडल अधिकारी, सेक्टर प्रभारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एनटीईपी, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम एनवीबीडीसीपी, राष्ट्रीय



कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम एनएलईपी, गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम एनसीडी, एचपीवी टीकाकरण अभियान, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, मातृ मृत्यु दर एमएमआर, शिशु मृत्यु दर आईएमआर, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं प्रबंधन, संस्थागत प्रसव तथा स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध जांच एवं उपचार सुविधाओं की बिंदुवार जानकारी ली गई।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश विद्यालयीन शिक्षक संघ सौंपा ज्ञापन

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ प्रदेश विद्यालयीन शिक्षक संघ ने एक बार फिर यह साबित किया है कि संगठन केवल सदस्यता तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षक हितों की लड़ाई को शासन के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रिय है। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष धर्मदास बंजारे के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने लोक शिक्षण संचालनालय एवं स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, नवा रायपुर को प्रदेश के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित 10 सूत्रीय विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## लैलूंगा के करीब 150 किसानों ने खरीफ सीजन में बोया ढेंचा

रायगढ़। जिले में खेती को अधिक टिकाऊ एवं कम लागत वाला बनाने के उद्देश्य से किसानों को हरी खाद के उपयोग के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर किसानों को ढेंचा सहित अन्य हरी खाद वाली फसलों की जानकारी दे रहे हैं। किसानों को ढेंचा की बुवाई, खेत में उसके उपयोग, मिट्टी पर पड़ने वाले प्रभाव तथा रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम करने में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से समझाया जा रहा है। इसी अभियान का सकारात्मक परिणाम लैलूंगा विकासखंड में देखने को मिल रहा है। इस खरीफ सीजन में विकासखंड के लगभग 150 किसानों ने अपने खेतों में ढेंचा की बुवाई की है। किसान इसे हरी खाद के रूप में उपयोग करेंगे, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ-साथ खेती की लागत कम करने में भी सहायता मिलेगी।



खेत में ही तैयार होगी प्राकृतिक हरी खाद ढेंचा एक दलहनी हरी खाद वाली फसल है। इसकी बुवाई के 40 से 45 दिनों बाद इसे खेत में पलट दिया जाता है। सड़ने-गलने के बाद यह प्राकृतिक खाद का रूप ले लेती है। जिससे मिट्टी में जैविक कार्बन एवं नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है। इसके साथ ही भूमि की संरचना में सुधार होता है, जलधारण क्षमता बढ़ती है तथा फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

# मुख्यमंत्री ने बगिया में सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज : जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में गुरुवार देर रात तक जनदर्शन आयोजित कर आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, किसान तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर उनका शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं आम नागरिकों की सुविधा, विकास और जीवन स्तर में सुधार के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। इसलिए प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी ढंग से पहुंचना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में संवेदनशीलता, जवाबदेही और तत्परता के साथ कार्य करें, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही सुशासन की पहचान है। जनदर्शन के दौरान प्राप्त कई आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर ही समाधान किया गया। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए तथा जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार जनता के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह, अन्य विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।







